Ans. (b) – तरूण भारत संघ राजस्थान में एक गैर-सरकारी संगठन है। इस संगठन की स्थापना राजेन्द्र सिंह ने किया था। यह लोगों को वन एवं जल के संरक्षण के मुद्दों पर जागरूक बनाने का काम कर रहा है।

834. अजमेर की कौन सी महिला राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता थी जिन्हें उनकी गतिविधियों के कारण मेवाड़ एवं बूंदी राज्यों से निर्वासन किया गया?

(a) कोकिला देवी (b) शकुन्तला देवी त्रिवेदी
(c) अंजना देवी चौधरी (d) सत्यवती शर्मा

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) – अजमेर की अंजना देवी चौधरी राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्त्री थीं जिन्हें उनकी गतिविधियों के कारण मेवाड़ एवं बूंदी से निकाल दिया गया। अंजना देवी ने 1921–1924 तक मेवाड़ एवं बूंदी की महिलाओं में राजनीतिक चेतना जागृत की और समाज सुधार का कार्य किया था।

835. निम्नलिखित से कौन राजस्थान की विख्यात महिला समाजवादी नेता थी?

(a) हबीबा बानु तेहसिन (b) महारानी गायत्री देवी
(c) उजला अरोड़ा (d) विद्या पाठक

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (a) हकीबा बानू तेहसिन राजस्थान की विख्यात समाजवादी नेता है। वह राममनोहर लोहिया के विचारों से प्रभावित थी। उदयपुर की रहने वाली हबीबा बानू तहसीन समाजवादी पार्टी के महिला प्रकोष्ठ (समाजवादी महिला सभा) की अध्यक्ष थी।

836. 'सीताराम साधु' राजस्थान के किस आंदोलन से जुड़े हुए हैं?

(a) बिजौलिया (b) बेगु
(c) शेखावाटी (d) नीमूचाणा

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) भारत में एक संगठित किसान आन्दोलन की शुरूआत का श्रेय मेवाड़ के बिजौलिया किसान आन्दोलन को जाता है।बिजौलिया आन्दोलन के तृतीय चरण (1906 ई.) के समय बिजौलिया का शासक पृथ्वी सिंह था। जबकि आन्दोलन के नेता साधु सीताराम एवं फतेहकरण थे। बिजौलिया आन्दोलन के चतुर्थ चरण (1917-27) के नेता विजय सिंह पथिक थे। सीताराम साधु का जन्म 1884 ई. में राजस्थान के भीलवाड़ा के बिजौलिया ने एक वैरासी परिवार में हुआ था।

837. साधु सीताराम दास का जन्म कहाँ हुआ?

(a) बिजौलिया में (b) मण्डोरा में
(c) टोंक में (d) बीकानेर में

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (a) उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

838. वह स्थान जहाँ कालीबाई शहीद हुई थी, वह है-

(a) रास्तापाल (b) सागवाड़ा
(c) खड़लाई (d) खेरवाड़ा

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक)-2020
कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) आदिवासी समुदाय भील में सोमा भाई के घर में कालीबाई का जन्म रास्तापाल (डूंगरपुर) में 1935 ई. में हुआ था। 19 जून, 1947 ई. को जब पुलिस ने रास्तापाल के शिक्षकों नाना भाई खांट एवं सेंगा भाई को विद्यालय बन्द करने का आदेश दिया तो शिक्षकों ने आदेश का पालन करने से इनकार कर दिया। नतीजन क्रोधित पुलिस ने एक को तुरंत मार डाला और दूसरे को जीप से बांधकर ले जाने लगे तभी काली बाई ने दरांती से रस्सी को काट दिया फिर पुलिस ने गोलियां चलाई जिसमें काली बाई की मृत्यु (20 जून, 1947 ई.) हो गयी। इन्हें आधुनिक काल का एकलव्य कहा जाता है।

839. विख्यात महिला समाज सुधारक छगनबेन राजस्थान के किस क्षेत्र में सम्बन्धित थी?

(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) उदयपुर (d) बीकानेर

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (a) – विख्यात महिला समाज सुधारक छगन बहन गोलेच्छा का संबंध राजस्थान के जोधपुर जिले से था। ये महिला सशक्तिकरण का एक विख्यात चेहरा थी। इन्हें वर्ष 1961 ई. में 31 वर्ष की आयु में राजस्थान राज्य की पहली महिला सरपंच होने का गौरव प्राप्त है।

840. संत लालदास __________के लिए अच्छी तरह से जाने जाते हैं।

(a) मूर्तिपूजा (b) साम्प्रदायिक सद्भाव
(c) समाज सुधार (d) सरल जीवन

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – संत लाल दास जी का जन्म मेवात प्रदेश में हुआ था। ये मेवात प्रदेश के कबीर माने जाते हैं। ये साम्प्रदायिक सद्भाव, हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक, पर्यावरण संरक्षक, कमाकर खाने की शिक्षा देने वाले व भिक्षावृत्ति विरोधी रहे हैं।

841. 'चैम्बर ऑफ प्रिंसेज' का प्रथम चाँसलर कौन था?

(a) महाराजा भीमसिंह (b) करणी सिंह
(c) राजसिंह (d) गंगासिंह

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (d) – 'चैम्बर ऑफ प्रिंसेज'(नरेन्द्र मण्डल) के प्रथम चांसलर बीकानेर के शासक गंगा सिंह थे। इनके प्रयासों से ही 1921 ई. में चैम्बर ऑफ प्रेसेज (नरेन्द्र मण्डल) का गठन किया गया। जिसके 1921-25 ई. तक ये प्रथम अध्यक्ष रहे। ये प्रथम विश्वयुद्ध के बाद पेरिस शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि थे। इन्होंने आर्थिक उन्नति के लिए गंगा। नहर का निर्माण करवाया।

842. परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतान सिंह सम्बन्धित थे-

(a) जोधपुर से (b) सीकर से
(c) बाड़मेर से (d) जैसलमेर से

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019